दिनांक 19.08.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

उड़नदस्ता की टीम ने 69 एक्सपायरी मिक्सर पैकेट किया जप्त

भिलाईनगर/ नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने लगातार कर रहे अपने छापामार अभियान में सोमवार को निगम क्षेत्र के 10 विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही कर 11500 रुपये अर्थदण्ड वसूला साथ ही दुषित खाद्य पदार्थ पर कार्यवाही करते हुए स्मृति नगर के प्रतिष्ठान से 69 पैकेट मिक्चर जो एक्सपायर डेट के थे विक्रय के लिए रखे गये थे जिसे जब्त किया गया ।

नगर पालिक निगम , भिलाई की उड़नदस्ता टीम ने आज जोन 01 नेहरु नगर के अंतर्गत आने वाले होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकान, बाजार, प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग रखने वालों पर कार्यवाही की। जिसमें बचे हुए बासी खाद्य पदार्थ , नालियों पर कचरा , सफाई व्यवस्था , लायसेंस आदि की जायजा लिया लिया गया तथा 10 प्रतिष्ठान से 11500 रुपये का दाण्डिक शुल्क वसूलकर निगम कोष में जमा कराया गया साथ ही समझाईस दी गई की बिना लायसेंस संचालन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नगर पालिक अधिनियम के तहत् कार्यवाही की जा सकती है जिसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

निगम की उड़नदस्ता टीम द्वारा श्री जलाराम किराना स्टोर्स , श्री मंगलम किराना एवं फोटोकापी, सेंडविच जक्शन नेहरु नगर , गोयल मेडिकोज , यूथ स्टाईल , द बुक कैफे , स्लीक किचन्स, बालाजी केमिकल सेल्स, दुबे डेयरी एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी